भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

03.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1855 का उत्तर

पुरानी रेलवे कॉलोनियों का पुनर्निर्माण

1855. श्री संगम लाल गुप्ता:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की रेलवे द्वारा अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बनाई गई रेलवे कॉलोनियों में बहुत पुराने और जीर्ण-शीर्ण परित्यक्त मकानों को ध्वस्त करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो क्या उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में रेलवे कॉलोनियों में पुराने परित्यक्त मकानों को ध्वस्त करने और उनका पुनर्निर्माण करने के लिए कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में जीर्ण-शीर्ण रेल आरक्षण केन्द्र का पुनर्निर्माण करने की भी योजना है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): रेलवे अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए निर्मित रेलवे कॉलोनियों में पुराने एवं जीर्ण-शीर्ण क्वार्टरों का उनकी आयु एवं स्थिति तथा निधियों की उपलब्धता के आधार पर नियमित रूप से पुनर्स्थापन करती है।

mm

(ख) प्रतापगढ़ में जो क्वार्टर रहने लायक नहीं हैं, उन्हें मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार खाली करवा कर ध्वस्त कर दिया गया है। यह एक नियमित प्रक्रिया है। इस समय, विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत, प्रतापगढ़ स्टेशन पर रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) एवं उत्तर रेलवे निर्माण संगठन (एनआरसीओ) द्वारा 36 नए क्वार्टरों का निर्माण किया जा रहा है।

(ग) से (ङ) प्रतापगढ़ में नए आरक्षण केन्द्र के निर्माण के लिए कोई योजना नहीं है। हाल ही में, आरक्षण केन्द्र का आवश्यकतानुसार पुनर्निर्माण और अनुरक्षण किया गया है।

****

mm